GSTHR
2020

ज्वलंत मुद्दे

कार्यकारी सारांश

तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी की

वैश्विक स्थिति 2020

ज्वलंत मुद्दे

तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी की

वैश्विक स्थिति

2020

कार्यकारी सारांश

ज्वलंत मुद्देः तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी की वैश्विक स्थिति 2020

Executive Summary

©Knowledge-Action-Change 2020

लेखक और समपादकः हैरी शपीरो

डेटा संग्रहण और विश्लेषणः टॉमस जेरजिंस्की

रिपोर्ट और वेबसाइट प्रोडक्शन समन्वयः ग्रेजगोर्ज क्रोल

उपभोक्ता साक्षात्कारः नोआ कारबेरी

कॉपी एडिटिंग और प्रूफिंगः टॉम बर्जेस

रिपोर्ट डिजाइन और ले-आउटः WEDA sc; उसुर्ला बिस्कुप्स्का

वेबसाइट डिजाइनः बारटोस्ज फाटीगा और फिलिप वोज्नियाक

प्रिंटः WEDA sc

प्रोजेक्ट प्रबंधनः प्रोफेसर गैरी स्टिमसन, केविन मोलॉय और पैडी कोस्टाल

रिपोर्ट https://gsthr.org पर उपलब्ध है

Knowledge-Action-Change, 8 Northumberland Avenue, London, WC2N 5BY
© Knowledge-Action-Change 2020

उद्धरणः
ज्वलंत मुद्देः तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी की वैश्विक स्थिति 2020. लंदनः Knowledge-Action-Change, 2020

ज्वलंत मुद्देः तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी की वैश्विक स्थिति 2020 की संकल्पना, डिजाइन, विश्लेषण और लेखन स्वतंत्र रूप से और केवल Knowledge-Action-Change, 2020 द्वारा किया गया है।

इसे Foundation for a Smoke-Free World, Inc के अनुदान की मदद से बनाया गया है.. इसकी विषय-वस्तु, तथ्यों का चयन और प्रस्तुतीकरण और यहाँ अभिव्यक्त किसी भी तरह की राय का उत्तरदायित्व केवल लेखकों का है और किसी भी स्थिति में इसे Foundation for a Smoke-Free World, Inc का दृष्टिकोण नहीं माना जाएगा।

तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी

इस रिपोर्ट का केंद्रीय विषय कई अंतरराष्ट्रीय संधियों में निहित स्वास्थ्य का सार्वभौमिक अधिकार है, जो उन लोगों का भी है जो किसी भी कारण से जोखिम भरे व्यवहार में लिप्त रहते हैं। नुकसान में कमी से संदर्भ है ऐसी व्यावहारिक नीतियों, विनियमों और कार्यों की एक पूरी श्रंखला जो या तो उत्पादों या पदार्थों के सुरक्षित रूप में देकर या कम जोखिम वाले व्यवहारों को प्रोत्साहित करके स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं। नुकसान में कमी का मुख्य उद्देश्य उत्पादों या व्यवहार को पूरी तरह से खत्म करना नहीं होता।

इसकी जगह, मानवीय रूप से उचित प्रतिक्रिया होती है जोखिमों को कम करना जिससे लोगों को जीवित रहने और बेहतर जिंदगी जीने में सक्षम बनाया जा सके – इसमें इसके लिए सुरक्षित निकोटीन उत्पादों (एसएनपी) तक पहुँच के जरिए लोगों को निकोटीन लेने के सबसे खतरनाक तरीकों में से एक, सिगरेट से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

धूम्रपान की वैश्विक समस्या बेरोकटोक जारी है, लेकिन कुछ देशों में उम्मीद की किरण नजर आने लगी है

फोटो: Unsplash में ऑबी आरएच

सदी के अंत तक धूम्रपान से संबंधित बीमारियों से एक अरब लोगों की जान जा सकने के अपने अनुमान को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नीचे नहीं किया है। यह COVID-19 से मरने वाली इंडोनेशिया, ब्राजील, नाइजीरिया, बांग्लादेश और फिलीपींस की संयुक्त आबादी के बराबर है।

दुनिया भर में दैनिक वयस्क धूम्रपान का स्तर गिरा है पर इस गिरावट की दर कुछ देशों में धीमी हो गई है। कुछ देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है जिसका कारण अक्सर जनसंख्या वृद्धि है। धूम्रपान के रिपोर्ट किए गए उच्चतम स्तर मुख्य रूप से (लेकिन सिर्फ इन्हीं में नहीं) निम्न और मध्यम-आय वाले देशों (LMIC) में देखे जाते हैं और इसी कारण से इन देशों में बीमारी और मृत्यु दर भी सबसे ज्यादा होती है। 22 देश ऐसे हैं जिनमें कुल वयस्क आबादी का 30 प्रतिशत या उससे बड़ा हिस्सा वर्तमान में धूम्रपान करता है। इन देशों में प्रशांत द्वीप जैसे किरिबाती और सोलोमन द्वीप, सर्बिया, कई यूरोपीय देश जैसे ग्रीस, बुल्गारिया, लातविया, मध्य पूर्व के साइप्रस, लेबनान और दक्षिण अमेरिका का चिली शामिल है।

वैश्विक स्तर पर धूम्रपान करने वालों की अनुमानित कुल संख्या - 110 करोड़ - स्थिर बनी हुई है, यह सन 2000 में भी लगभग यही थी और 2025 में भी इसके यहीं रहने का अनुमान है लेकिन यह गरीब और अधिकारहीन तबकों को कहीं ज्यादा प्रभावित करेगी, खासकर निम्न और मध्यम-आय वाले देशों (LMIC) में।

विश्व स्वास्थ्य संगठन इस चिंता को व्यक्त करता रहता है कि धूम्रपान के अनियंत्रित स्तर सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति करने में समस्या पैदा करेंगे और सन 2030 के गैर-संक्रामक रोग के स्तर को कम करने के लक्ष्य को पाने नहीं देंगे। साफ है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के तंबाकू नियंत्रण पर फ्रेमवर्क समझौते (FCTC) में बताए पारंपरिक तंबाकू नियंत्रण हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए, तम्बाकू से होने वाले नुक्सान में कमी (THR) की नीतियों को धूम्रपान से वैश्विक मृत्यु और बीमारी को कम करने के लिए प्रतिकूल नहीं, बल्कि इनके पूरक के रूप में माना जाना चाहिए। उम्मीद की किरण यह है कि कुछ देशों ने धूम्रपान मुक्त दुनिया के लिए समग्र रणनीति के हिस्से के रूप में THR की ओर अच्छा समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है।

नए उत्पाद का विकास...

फोटोः Unsplash में एंटोनिन फेल्स

नए उत्पादों की खोज धूम्रपान से बचने के इच्छुक वयस्क उपभोक्ताओं को एक व्यापक विकल्प दे रही है। वेपिंग के पीछे तंबाकू की बहुराष्ट्रीय कंपनियों का कोई हाथ नहीं था और इसके कारण पैदा हुई रचनात्मक हलचल का सबसे बड़ा प्रतीक खववछ की सफलता है जिसने 2018 के बाद से तेजी से अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। JUUL ने शुरूआत में युवा वयस्कों को केंद्र में रखकर मार्केटिंग की थी जिससे स्पष्ट रूप से विवाद पैदा हुआ था पर इस उत्पाद ने वयस्क उपभोक्ताओं के व्यापक बाजार में एक ऐसा निकोटीन अनुभव पहुँचाया था जिसे कई लोगों द्वारा मांगा जा रहा था।

वेपिंग डिवाइसें पहले ही गोपनीय रखने और उपयोग में आसान होती हैं और तकनीकी रूप से और भी ज्यादा परिष्कृत होती जा रही हैं जिससे ई-सिगरेट' शब्द का उपयोग निरर्थक बनता जा रहा है। गर्म किए जाने वाले तंबाकू उत्पाद (HTP) विकसित करने में कई कंपनियाँ लगी हुई हैं जबकि नए गैर-तंबाकू निकोटीन उत्पाद भी बाजार में आ रहे हैं।

...पर दुनिया में सुरक्षित निकोटीन उत्पादों (एसएनपी) को इस्तेमाल करने वालों की संख्या अभी भी बहुत कम है

तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी (टीएचआर) के प्रति दुनिया भर में शत्रुतापूर्ण वातावरण के बावजूद सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) के दुनिया में प्रचलन के बारे में किए गए हमारे विशेष सर्वे का अनुमान है कि इनका समग्र आंकड़ा लगभग 9.8 करोड़ है जिसमें से 6.8 करोड़ वेपर हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से तो यह अच्छी खबर है पर इसका मतलब यह भी है कि इन उत्पादों के एक दशक से भी ज्यादा समय से उपलब्ध रहने के बाद भी धूम्रपान करने वाले हर 100 लोगों पर सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) इस्तेमाल करने वाले केवल नौ लोग हैं।

अलग-अलग देशों में क्या हो रहा है?

वेपिंग करने वाले सबसे ज्यादा लोग संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, रूसी संघ, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जापान, जर्मनी और मैक्सिको में रहते हैं। गर्म किए जाने वाले तंबाकू उत्पाद (HTP) इस्तेमाल करने वालों की संख्या जापान में सबसे अधिक है जबकि स्वीडन और अमेरिका में सबसे ज्यादा संख्या में स्नस उपभोक्ता हैं।

सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) का उपयोग यूके, नॉर्वे, स्वीडन, आइसलैंड और जापान जैसे देशों में जारी बना हुआ है हालांकि जापान में गर्म किए जाने वाले तंबाकू उत्पादों (HTP) की बिक्री में कमी आई है जिसके पीछे संभवतः यह कारण है कि इसे अपनाने वाले शुरूआती लोगों / युवाओं की संख्या सैचुरेशन पॉइंट तक पहुँच गई है।

प्रमाण इस बात की पुष्टि करते हैं कि सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) अपने नाम को चरितार्थ करते हैं मतलब – ये धूम्रपान की तुलना में कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं

पूरी सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं होती पर सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) एक दशक से भी अधिक समय से बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहे हैं। इखट्ठे हो चुके प्रमाणों के आधार पर पाया गया है कि ये जलाने वाले उत्पादों की तुलना में बहुत कम जोखिम वाले हैं। 2018 के बाद से निश्चित रूप से पब्लिक हैल्थ इंग्लैंड के व्यापक रूप से उद्धृत किए गए इस निष्कर्ष पर कि वेपिंग धूम्रपान करने की तुलना में से कम से कम 95 प्रतिशत कम जोखिम वाली है और इसके उत्सर्जन आस-पास के लोगों के लिए बिल्कुल खतरा उत्पन्न नहीं करते, संदेह पैदा करना वाला कोई मजबूत प्रमाण सामने नहीं आया है । इसी तरह, स्वीडिश-स्टाइल की स्नस और अमेरिका के धुआँ-रहित उत्पादों के सापेक्ष सुरक्षा रिकॉर्ड में 2018 से कोई परिवर्तन नहीं देखा गया है। इसके अलावा, इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि धूम्रपान बंद करने के लिए सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) का उपयोग निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी) की तुलना में अधिक प्रभावी है। इसका मतलब यह है कि सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) से संबंधित स्वास्थ्य सलाह और नियमन से संबंधित 'एहतियाती सिद्धांत' (संभावित हानिकारक नई खोजों के प्रति सावधानी बरतने की कवायद) को ज्यादा करके आंकना अब उचित नहीं है।

सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) के इस्तेमाल को लेकर अन्य चिंताएं जताई गई हैं। अमेरिका से आए भ्रामक आंकड़ों ने इस विचार को बढ़ावा दिया कि JUUL 'बच्चों को अच्छे लगने वाले' फ़्लेवरों की मार्केटिंग के जरिए युवाओं के बीच वेपिंग के अत्यधिक फैलाव के लिए जिम्मेदार थी, जबकि शांति से किए गए मूल्यांकन ने दशार्या कि इन आंकड़ों में 'इस्तेमाल' की बहुत व्यापक परिभाषा ली गई थी और इसमें प्रयोग के लिए इस्तेमाल करके देखना और दुर्लभ रोजाना इस्तेमाल भी शामिल किए गए थे। अमेरिका में फेफड़े खराब होने और मौतों के कारण का उपभोक्ताओं और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों (अमेरिकी संघीय एजेंसियों ने ऐसा नहीं कहा था) ने बड़ी जल्दी पता लगा लिया जो इंडस्ट्री-स्टैंडर्ड निकोटीन लिक्विड की जगह अवैध रूप से हासिल किए गए टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (THC) लिक्विड के कारण हुई थीं।

दशकों के तंबाकू अनुसंधान एक विकसित हो रहे मस्तिष्क पर निकोटीन के प्रतिकूल प्रभावों को प्रदर्शित करने में विफल रहे हैं और इसलिए हाल ही में वेपिंग के विरुद्ध इस तरह के दावे विश्वसनीय नहीं हैं। वेपिंग के धूम्रपान के लिए एक प्रवेश द्वार होने के प्रभाव को प्रदर्शित करने में विफल, एंटी-टीएचआर (तंबाकू से होने वाले नुक्सान में कमी के विरोधी) प्रचारक निकोटीन की 'लत' को ही निशाना बनाते हैं। हालांकि, निकोटीन से होने वाले शारीरिक और मनोवैज्ञानिक नुकसान के प्रमाण इतने कम हैं कि 'लत' के बारे में चिंताएं सार्वजनिक स्वास्थ्य की तुलना में नैतिक अधिक लगती हैं। अंत में, और बिना किसी प्रमाण के, यह दावा किया गया है कि वेपिंग इसे इस्तेमाल करने वालों को COVID-19 के ज्यादा जोखिम से डाल देती है।

ज्यादा विज्ञान का मतलब आवश्यक रूप से अच्छा विज्ञान ही नहीं होता

2010 के बाद से सुरक्षित निकोटीन उत्पादों (एसएनपी) के उपयोग के सभी पहलुओं पर सभी विषयों के शोधों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। इंटरनेट पर खोजने से पता चलता है कि 2007-2012 के बीच केवल 53 वैज्ञानिक शोधपत्र प्रकाशित हुए थे। 2020 तक सभी प्रकार के सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) पर प्रकाशित पत्रों की संख्या 6000 से अधिक हो गई थी। दुर्भाग्य से, इन अध्ययनों में से कई पुष्टिकरण पूर्वाग्रह से उत्पन्न प्रणाली संबंधी खामियों से पीड़ित हैं; वेपिंग की असली दुनिया को प्रतिबिंबित नहीं करने वाले प्रयोगशाला अध्ययन; अध्ययन

के प्रस्ताव के लिए अनुचित प्रणालियाँ; संबंधों को कारणों के रूप में परोसा जाना; और ऐसी नीति की सिफारिशें जिनका अध्ययन के परिणामों से बहुत कम या कोई संबंध नहीं है। पुष्टिकरण पूर्वाग्रह का एक कुख्यात हालिया उदाहरण, जिसके लिए एक जर्नल को वापस भी लेना पड़ा था, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय का एक अध्ययन था जिसमें दावा किया गया था कि जो लोग पहले धूम्रपान करते थे उनमें वेपिंग से दिल की समस्याएँ हो सकती हैं जबकि बाद में पता चला था कि दिल की ये बीमारियाँ वेपिंग से पहले ही मौजूद थीं।

फोटोः Unsplash में रॉबीना वीरमाइजर

तंबाकू से होने वाले नुक्सान में कमी (THR) को कमजोर किया गया

किशोरावस्था में तेजी से फैलती वेपिंग की आदत के भ्रामक दावे, अवैध THC और COVID-19 के आने से हुईं त्रासदीपूर्ण मौतों का सभी THR विरोधियों द्वारा तुरंत फायदा उठाया गया और इसमें जमीनी स्तर के अमेरिकी प्रचारकों से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य की एजेंसियाँ भी लिप्त हैं।

यहाँ दो परस्पर आच्छादित समाजशास्त्रीय अवधारणाएँ भूमिका अदा करती हैं। एक है नैतिक उद्यमी की भूमिका, जो समाज पर बड़े पैमाने पर अपने दृष्टिकोण को लागू करना चाहता है और दूसरी है पिछले अनुभवों पर आधारित या (दोबारा) पुष्टिकरण पूर्वाग्रह – जिनमें जनता और प्रेस जानकारी की जाँच की जहमत नहीं उठाते और इसे बस अपनी स्वाभाविक प्रतिक्रिया या पिछले अनुभव के आधार पर स्वीकार कर लेते हैं।

नैतिक उद्यमी व्यक्ति, धार्मिक समूह या औपचारिक संगठन हो सकते हैं जो दुनिया के अपने मानक दृष्टिकोण के निर्माण या उसके प्रचार के लिए दबाव बनाते हैं। ऐसे व्यक्ति या समूह सामाजिक दहशत फैलाने की शक्ति रखते हैं क्योंकि ये इस बात में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हैं कि समाज में एक खतरनाक सामाजिक बुराई मौजूद है, जिसका मुकाबला किया जाना चाहिए और इससे लड़ने के लिए किसी भी रास्ते को अपनाया जा सकता है।

नैतिक दहशत

तंबाकू से होने वाले नुक्सान में कमी (THR) का विरोधी कथन यह है कि यह पूरा उद्यम निकोटीन की लती एक नई पीढ़ी तैयार करने की तंबाकू उद्योग की एक साजिश है क्योंकि उन्हें सिगरेट की बिक्री की भरपाई करनी है। इस बात में अभी धूम्रपान कर रहे लोगों के लिए कोई चिंता नहीं दिखाई देती जिनकी समस्याएँ उनकी खुद की लाई गई मानी जाती हैं और उनके लिए सिर्फ दो रास्ते छोड़े जाते हैंः छोड़ दो या मर जाओ।

सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (एसएनपी) के बारे में आक्रामक और भ्रामक बयानबाजी के कई खतरनाक नतीजों में से एक है धूम्रपान करने वाले ऐसे (और धूम्रपान नहीं करने वाले और धूम्रपान करने वालों के साथ रहने वाले) लोगों की संख्या में वृद्धि जो अब यह मानते हैं कि एसएनपी सिगरेट से अधिक सुरक्षित नहीं है और इससे भी खतरनाक हो सकते हैं।

स्रोतः विश्व स्वास्थ्य संगठन
विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2020 के लिए वेपिंग विरोधी अभियान की फोटो

ऐसा विश्वास कर लिया जाता है कि टीएचआर विरोधी कार्यकर्ता-शिक्षाविदों और अधिकारियों के पास सटीक जानकारी है। वे इसे जनता और मीडिया को उपलब्ध कराते हैं जिनकी इस जानकारी की जाँच करने या इसे चुनौती देने की संभावना नहीं होती। तम्बाकू उद्योग के प्रति सामान्य तौर पर दुर्भावना मौजूद है और कई धूम्रपान नहीं करने वाले लोग वेपिंग को भी धूम्रपान की तरह देखेंगे जो आधारित होंते हैं पहले से मौजूद पूर्वाग्रह या स्वाभाविक प्रतिक्रिया या/और इस बात पर कि वे कुछ लोगों को सार्वजनिक रूप से 'धुएं' के बादल छोड़ते हुए देखते हैं।

एक हाथ दूसरे को धोता है

एसएनपी और निकोटीन के विरुद्ध कार्रवाई को आसानी से से 'तंबाकू नियंत्रण' के बैनर के तहत ले लिया जाता है जिसे अधिकांश देशों में सार्वजनिक समर्थन प्राप्त है।

इसके कारण एक्टिविस्ट एनजीओ और शिक्षाविद तंबाकू विरोधी बहु-अरबपति माइकल ब्लूमबर्ग की ब्लूमबर्ग फिलेन्थ्रोपीज (बीपी) के माध्यम से बहुत पैसा लेने में सफल हो गए हैं। इसके लाभार्थियों में अमेरिका में स्थित एनजीओ जैसे कैम्पेन फॉर टोबैको फ्री किड्स (सीटीएफके), वाइटल स्ट्रेटेजीस और यूके स्थित एक रिपोर्टिंग एजेंसी, द ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म शामिल हैं जो टीएचआर विरोधी लेख प्रकाशित करने के लिए ब्लूमबर्ग के पैसों का उपयोग करते हैं। ब्लूमबर्ग ने फ़्लेवर वाले निकोटीन लिक्विड पर सामान्य प्रतिबंध के उद्देश्य से अमेरिकी कैम्पेन में 16 करोड़ डॉलर का योगदान दिया था।

अमेरिका के बाहर ब्लूमबर्ग इंटरनेशनल यूनियन अगेन्स्ट लंग डीसीज एंड ट्यूबकुलोसिस (द यूनियन) को पैसा देते हैं और इन्होंने यूके में बाथ विश्वविद्यालय को टोबैको टैक्टिक्स और STOP के माध्यम से THR विरोधी गतिविधियों का प्रबंधन करने के लिए भी पैसा दिया है जिनका काम करने का तरीका है THR के समर्थकों के विरुद्ध निजी तौर पर आक्रमण करना। विश्व स्वास्थ्य संगठन के टोबैको फ्री इनिशिएटिव को भी ब्लूमबर्ग से अच्छी वित्तीय सहायता मिलती है जहाँ इस पैसे को इन दिनों एसएनपी के खिलाफ कानून बनाने के लिए सदस्य देशों को मनाने के लिए किया जा रहा है।

विडंबना यह है कि इस तरह की रणनीति से फायदा बहुराष्ट्रीय तंबाकू उद्योगों को ही होगा जिनके लिए एसएनपी कुल कारोबार का 10 प्रतिशत से भी कम है। असलियत तो यह है कि अमेरिका और भारत में एसएनपी पर प्रस्तावित प्रतिबंध की खबर से तंबाकू कंपनियों के शेयर बढ़ गए थे।

विश्व के नियामकों की प्रतिक्रियाएँ

विश्व भर के नियामकों के ऊपर हैं 182 देशों द्वारा हस्ताक्षरित और अनुसमर्थित डब्ल्यूएचओ एफसीटीसी और यूरोपीय संघ तंबाकू उत्पाद निर्देश (टीपीडी) जो यूरोपीय संघ (ईयू) के भीतर तंबाकू और एसएनपी विनियमन के कई पहलुओं से संबंध रखते हैं।

एफसीटीसी हर दो साल में अपने कामकाज की समीक्षा करने के लिए कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP) नाम से एक सम्मेलन आयोजित करता है जिसमें हस्ताक्षरकर्ता देशों के प्रतिनिधी और फ्रेमवर्क कन्वेंशन एलायंस (FCA) के 'अनुमोदित' गैर-सरकारी संगठन (NGO) भाग लेते हैं। इसकी अगली बैठक (COP9) नवंबर 2020 में होने वाली थी लेकिन अब इसे 2021 तक स्थगित कर दिया गया है। इस बैठक में ऐसे कई संगठन शामिल नहीं किए जाते जो THR का समर्थन करते हैं या जिन्हें तंबाकू कंपनियों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई धन प्राप्त हुआ हो।

यूरोपीय संघ टीपीडी की समीक्षा चल रही है और मई 2021 में इसकी रिपोर्ट आने वाली है। स्वास्थ्य, पर्यावरण और उभरते जोखिमों (SCHEER) पर यूरोपीय संघ की वैज्ञानिक समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण घटक होगी। यूरोपीय संघ की समीक्षा पर भी COP में विचार विमर्श होगा जहाँ एफसीटीसी सचिवालय, जो संधि का संचालन करता है, पहले से ही COP प्रतिनिधियों को बहुत कड़े एसएनपी कानून की वकालत करने पर विचार करने के लिए कह रहा है। लड़ाई का संभावित मैदान होगा अधिकतर फ़्लेवरों को बंद करना।

THR पर इस हमले को विश्व स्वास्थ्य संगठन / एफसीटीसी और हस्ताक्षर करने वाले देशों की धूम्रपान महामारी को नियंत्रित करने में समग्र विफलता और तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के राजनीतिक रूप से असंभव तरीके के मद्देनजर देखा जा सकता है। केवल भूटान ने ही तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है लेकिन इस बात की व्यापक रूप से अनदेखी की जाती है। नए कानून बहुत से देशों में बनाए जाते हैं लेकिन कानून लागू करने के लिए निम्न और माध्यम-आय के देशों के पास बहुत कम प्रशासनिक और न्यायिक ढांचे हैं। ऐसे कई देशों में सरकारी विभागों के बीच आंतरिक तनाव है, जिनमें घरेलू तंबाकू उद्योग निर्यात के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और आंतरिक राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से कई निम्न और माध्यम आय के देशों की हाल की चिंताएँ धूम्रपान से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की तुलना में संक्रामक रोगों के नियंत्रण को लेकर अधिक हैं।

विश्व की तस्वीर मिश्रित है

एसएनपी नियंत्रण के स्तर जटिल हैं और अलग-अलग देशों में काफी अंतर देखने मिलता है। GSTHR वेबसाइट (www.gsthr.org) में हर देश की विधायी व्यवस्था का विस्तार से विवरण बताया गया है।

दुनिया भर में नियंत्रण प्रतिक्रियाएँ मिश्रित रही हैं लेकिन जोर प्रतिबंधवादी दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अमेरिका से उत्पन्न THR विरोधी अतिशयोक्ति का दुनिया भर के नीति निमार्ताओं और विधायकों पर प्रभाव पड़ा है।

आज की यह स्थिति है कि 85 देशों में निकोटीन वेपिंग उत्पादों के बारे में कोई विशिष्ट कानून या विनियमन नहीं है और 75 देशों में निकोटीन वेपिंग उत्पादों की बिक्री को विनियमित किया जाता है; 36 में प्रतिबंध है (2018 में 39 की संख्या से कम)।

फ्लेवर पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम वेपिंग के इस्तेमाल पर गंभीर प्रभाव डालेंगे क्योंकि धूम्रपान करने वालों को सिगरेट से दूर रहने और प्रोत्साहित करने के लिए फ्लेवर की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण निर्धारक है।

कुछ अच्छी खबर भी है

टीएचआर विरोधी कार्यकताओं द्वारा बहुत कोशिश की गई कि पब्लिक हैल्थ इंग्लैंड एसएनपी उत्पादों पर अपनी स्थिति बदले लेकिन इसके बाद भी उसने पुष्टि की कि धूम्रपान करने वालों को इसे छोड़ने में मदद करने में वेपिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और परिणामस्वरूप, डॉक्टरों को वेपिंग उपकरणों के उपयोग में प्रशिक्षण की आवश्यकता है। 2030 तक धूम्रपान मुक्त होने के यूके डिपार्टमेंट ऑफ हैल्थ के लक्ष्य के एक हिस्से के रूप में वेपिंग का खास तौर उल्लेख किया गया था।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार के अधिकारी दूसरों की देखा-सीखी प्रतिबंध जारी रखे हुए हैं। हालांकि, जनवरी 2020 में सबूतों की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद रॉयल ऑस्ट्रेलियन कॉलेज ऑफ जनरल प्रैक्टिशनर्स ने जनवरी 2020 में ऑस्ट्रेलियाई स्मोकिंग सिसेशन गाइडलाइंस प्रकाशित कीं। ये दिशानिर्देश उपलब्ध उपचारों से धूम्रपान छोड़ पाने में असमर्थ लोगों की इसे छोड़ने में मदद के लिए निकोटीन के उपयोग का सावधानीपूर्वक समर्थन करते हैं यदि वे अपने डॉक्टरों से मदद के लिए वेपिंग शुरू करने का अनुरोध करते हैं। यह रॉयल ऑस्ट्रेलियन एंड न्यूजीलैंड कॉलेज ऑफ साइकाइट्रिस्ट्स के 2018 के उस फैसले के अनुसार है जिसमें वेपिंग को धूम्रपान की तुलना में कम जोखिम वाला माना गया है और रॉयल ऑस्ट्रेलियन कॉलेज ऑफ फिज़िशियन अब धूम्रपान छोड़ने की एक रणनीति के हिस्से के रूप में वेपिंग के मूल्य को स्वीकार करता है।

फोटो: Unsplash में फिलिप ग्रोज

स्विटजरलैंड (2018) और क्यूबेक (2019) में न्यायपालिका ने एसएनपी पर सरकारी प्रतिबंधों के खिलाफ फैसला सुनाया है, जबकि न्यूजीलैंड सरकार को मार्च 2018 में न्यायिक पराजय झेलनी पड़ी। फिर भी न्यूजीलैंड सरकार (और कनाडा की संघीय सरकार जिसमें आवश्यक नहीं है कि वहाँ के प्रांत शामिल हों) दूसरे देशों की तुलना में एसएनपी के प्रति अधिक व्यावहारिक और आनुपातिक प्रतिक्रिया देते प्रतीत हो रही है। यहाँ तक कि अमेरिका में भी फूड एंड ड्रग एड्मिनिसट्रेशन (एफडीए) ने गर्म की जाने वाली तम्बाकू के उत्पाद IQOS और स्नस को धूम्रपान की तुलना में कम जोखिम वाले उत्पाद के रूप में मार्केटिंग की अनुमति दी है।

एफडीए के फैसले के पीछे पीएमआई (IQOS) और स्वीडिश मैच यूएसए (स्नस) द्वारा भारी मात्रा में प्रस्तुत वैज्ञानिक और नैदानिक सबूत हैं और इनकी ओर वैज्ञानिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य समुदायों का और अधिक ध्यान आकर्षित होना चाहिए। एफडीए ने अपना यह ऐतिहासिक फैसला इस साक्ष्य के आधार पर लिया था और इसलिए इसे उद्योग से उत्पन्न होने के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता है।

THR और स्वास्थ्य का अधिकार

धूम्रपान नहीं करने वालों के स्वास्थ्य के अधिकार - विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों के आस-पास रहने वालों और बच्चों के अधिकार - की धारणा ने 1980 और 1990 के दशक के दौरान तंबाकू नियंत्रण के विकास को आगे बढ़ाया। इन अभियानों में शामिल लोग, विशेष रूप से अमेरिका में, खुद को योद्धा (निष्क्रिय धूम्रपान के खतरे के संबंध में) के रूप में देखते थे जो तंबाकू कंपनियों के आर्थिक और राजनीतिक हितों से लड़ रहे थे। धूम्रपान के कारण होने वाले साफ नुकसान के सबूतों और सार्वजनिक धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने के बढ़ते प्रयासों के कारण प्रचारकों ने नैतिक रूप से ऊँची स्थिति पा ली और धूम्रपान करने वाले लोग नए सामाजिक अछूत बन गए।

अब सब उल्टा हो गया है; अब ऐसे लोगों के अधिकारों को रक्षा की आवश्यकता है जो धूम्रपान से बचना और इसकी जगह सुरक्षित उत्पादों का उपयोग करना चाहते हैं। एक सामाजिक आंदोलन के रूप में तंबाकू के नुक्सान में कमी नशीली दवाओं और एड्स कार्यकताओं के काम से उत्पन्न हुई थी जो स्वास्थ्य के ऐसे अधिकार के लिए संघर्ष करते थे जिसमें कोई भी छूट न जाए।

हालांकि, धूम्रपान करने वालों को स्वास्थ्य के अधिकार के मामले में छोड़ दिया जाता है, खासकर दुनिया भर में ऐसे लोगों को जो कम आय पर गुजारा करते हैं, गरीबी में रहते हैं, जिनके पास धूम्रपान छोड़ने का कोई आकर्षक और प्रभावी निकास मार्ग नहीं है, जो सबसे अधिक धूम्रपान करते हैं और इसलिए धूम्रपान से संबंधित बीमारी और मृत्यु से सबसे अधिक पीड़ित हैं। मूल आदिवासियों और LGBTQ + समुदायों, जेल के कैदियों, बेघर लोगों और मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं और शराब की समस्या से पीड़ित लोगों में धूम्रपान की सबसे ज्यादा दर के कारण हैं समाज से अलग-थलग पड़ना, भेदभाव और अकेलापन।

फोटो: Adobe Stock में blvdone

एक और छिपी हुई आबादी हैं महिलाएँ। विश्व स्तर पर, पुरुषों की तुलना में बहुत कम महिलाएं धूम्रपान करती हैं लेकिन कम और माध्यम-आय के देशों में विशेष रूप पुरुष ही घर चलाते हैं और महिलाएँ घर पर परिवार की देखभाल करती हैं। धूम्रपान से संबंधित बीमारी से आदमी की मौत हो जाने से पूरी पारिवारिक आय चली जाती है और महिलाओं और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है।

फिर भी 'कोई छूट न जाए का मंत्र' लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में निहित है और अभी भी ऐसा ही है। तंबाकू से होने वाले नुक्सान में कमी सार्वजनिक स्वास्थ्य और मानवाधिकारों के दोराहे पर स्थित होती है।

16 दिसंबर 1966 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाए गए आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रण का अनुच्छेद 12 हर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्य मानक का आनंद लेने के अधिकार की बात करता है।

सामाजिक न्याय के एक उद्देश्य के रूप में ऐसे लोगों की वकालत करने के कारण जो अक्सर समाज में सबसे वंचित और हाशिए पर हैं, THR को एक मानवाधिकार मुद्दे के रूप में अपनी जगह मिलनी ही चाहिए।

THR किसी गैर-संक्रामक रोग से निपटने के लिए सरकारों को सबसे कम लागत वाला एक बहुत अच्छा और नया सार्वजनिक स्वास्थ्य तरीका देता है। COVID-19 के समय में वैश्विक स्वास्थ्य और सार्वजनिक वित्त प्रणालियाँ टूटने की कगार तक आ चुकी हैं और इन्हें ठीक होने में काफी समय लगने की संभावना है। THR के साथ आगे बढ़ने की जरूरत पहले की तुलना में आज और ज्यादा है।

आगे का रास्ता

अब पहली बार लोगों के पास धूम्रपान छोड़ने के लिए कई तरह के सकारात्मक प्रलोभन हैं और पहले की तरह बस परेशानी और झंझट नहीं है। THR एसएनपी के जरिए धूम्रपान छोड़ने की एक अभूतपूर्व रणनीति लाया है जिसे धूम्रपान करने वालों ने स्वीकार किया है और इस पर सरकारों की लागत भी कम से कम आती है।

आकांक्षाएं तो अपनी जगह हैं पर वास्तविकता यह है कि तंबाकू नियंत्रण कभी भी नुकसान को कम करने में मदद नहीं कर पाया और इसलिए तंबाकू से नुक्सान में कमी तंबाकू के मिशन कथन में यह हमेशा सन्निहित रही है। अब अच्छे सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ हासिल करने के लिए दुनिया के पास एक बहुत बड़ा वास्तविक अवसर है।

निष्कर्ष और सुझाव

यह रिपोर्ट THR और तंबाकू जलाने वाले उत्पादों के ऐसे विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करती जो सरलता से उपलब्ध, सस्ते, उपयुक्त, स्वीकार्य और हैं और जिनके सार्वजनिक और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए कई लाभ हैं। यह धूम्रपान करने वाले उन लोगों के अधिकारों पर भी ध्यान देती है जिन्हें धूम्रपान छोड़कर कोई दूसरा विकल्प अपनाने का अवसर चाहिए है और इसमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जो सुरक्षित विकल्प चुन चुके हैं।

फोटो: Google

निष्कर्ष

» हर साल लगभग 80 लाख लोग धूम्रपान से संबंधित बीमारियों से मर जाते हैं।

» दुनिया के अस्सी फीसदी धूम्रपान करने वाले लोग कम और माध्यम-आय वाले देशों में रहते हैं पर सस्ते एसएनपी तक उनकी पहुँच सबसे कम है।

» 2100 तक धूम्रपान से होने वाली बीमारियों से एक अरब लोगों की मौत हो जाएगी।

» कई दशकों से अधिक संपन्न देशों में धूम्रपान की दर गिरी है, लेकिन गिरावट की दर अब धीमी हो रही है।

» धूम्रपान करने वालों की 110 करोड़ की वैश्विक संख्या वर्ष 2000 से अपरिवर्तित बनी हुई है और कुछ गरीब देशों में जनसंख्या वृद्धि के कारण इसका बढ़ना तय है।

» धूम्रपान से होने वाली मौतों को कम करने का तात्कालिक तरीका है वर्तमान में धूम्रपान करने वालों पर ध्यान केंद्रित करना।

» एसएनपी के लिए प्रमाण दशार्ते हैं कि ये तंबाकू जलाने वाले उत्पादों की तुलना में न सिर्फ धूम्रपान करने वालों के लिए बल्कि उनके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हद तक सुरक्षित हैं और इनसे धूम्रपान छोड़ने की इच्छा रखने वालों को मदद मिलती है।

» एसएनपी को अपनाने में उपभोक्ताओं का ही हाथ रहा है और सरकारों को इसमें शून्य या न्यूनतम लागत आई है।

» एसएनपी में धूम्रपान से मौत और बीमारी के वैश्विक नुक्सान को बेहद कम करने और वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य क्रांति को प्रभावित करने की क्षमता है।

» एसएनपी को अपनाने में प्रगति धीमी रही है। हमारा अनुमान हैं कि विश्व स्तर पर 9.8 करोड़ लोग एसएनपी का उपयोग करते हैं झ जिनमें 6.8 करोड़ वेपर शामिल हैं – जिनकी संख्या प्रति 100 धूम्रपान करने वालों के लिए केवल नौ (कम और मध्यम आय वाले देशों में और कम) है। तंबाकू से होने वाले नुकसान को कम करने की अब तत्काल आवश्यकता है।

» कई अच्छी तरह से वित्त पोषित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एनजीओ, सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियां और बहु-पक्षीय संगठन THR को एक अवसर के बजाय एक खतरे के रूप में देखते हैं जो पूरी तरह गलत है।

» कई अमेरिकी और अमेरिका से आर्थिक मदद हासिल करने वाले संगठनों ने युवाओं और वेपिंग के बारे में, फ्लेवरों के बारे में और फेफड़े की बीमारी के प्रकोप के बारे में दहशत फैलाई है जिसके कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य की असली चुनौती पर ध्यान नहीं जा रहा है और जो असल में धूम्रपान करने वाले वयस्क लोगों को किसी दूसरे विकल्प के लिए राजी करना है।

» अमेरिका स्थित परोपकारी संस्थाओं का अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के वित्त पोषण पर लगभग एकाधिकार है जिसे – परोपकारीपूंजीवाद – भी कहा जाता है और इसने धूम्रपान के प्रति अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं को विकृत कर दिया है। कम और माध्यम-आय वाले देशों में विशेष रूप से दानदाता नीति के दूसरे विकल्प छोड़ देते हैं जिनसे स्वास्थ्य नीतियों पर छिपे हुए लेकिन नकारात्मक प्रभाव होते हैं।

» प्रतिबंध लगाने वाली तेजी से बढ़ती मानसिकता के कई परिणाम हो सकते हैं जिसमें शामिल हैं वर्तमान में धूम्रपान करने वालों के दूसरे उत्पादों को नहीं अपनाने का फैसला करना, वर्तमान में एसएनपी उपयोग करने वालों का वापस धूम्रपान शुरू कर देना और अनियमित और संभावित रूप से असुरक्षित उत्पादों में वृद्धि।

» खराब तरीके से संचालित किया बहुत से विज्ञान का भी अस्तित्व में रहना जारी है जिसे THR विरोधी संदेश के साथ मिलाकर प्रचलित किया जा रहा है।

» विश्व स्वास्थ्य संगठन की MPOWER पहल धूम्रपान को समाप्त करने में अकेले काफी नहीं होगी - उपलब्धि का सबसे कमजोर क्षेत्र 'O' है जिसका मतलब है 'मदद का ऑफर या पेशकश करना' जिसमें सरकारों का सबसे ज्यादा पैसा खर्च होता है।

» तंबाकू को छोड़कर विश्व स्वास्थ्य संगठन के काम के लगभग हर क्षेत्र में नुकसान में कमी सन्निहित है।

» THR की भूमिका से इंकार करके विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक स्वास्थ्य को बेहतर करने की अपनी स्वयं की प्रतिज्ञाओं में निहित सिद्धांतों और प्रथाओं के खिलाफ काम कर रहा है जो FCC के अनुच्छेद 1 (डी) सहित स्वास्थ्य के अधिकार के लिए प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी समाहित हैं।

» अमीर देश THR के मुख्य लाभार्थी रहे हैं। कम और मध्यम-आय वाले देशों के कई देश प्रतिबंध लगाने की नीतियों और तंबाकू जलाने वाले उत्पादों के उपयुक्त, स्वीकार्य और सस्ते विकल्पों की अनुपलब्धता के कारण पीछे रह गए हैं।

» तम्बाकू नियंत्रण नीतियों से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालों को ही कलंकित करके नीति पर चर्चा से बाहर रखा गया है। अच्छा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभावित आबादी को साथ लेकर चलता है। 'हमारे बिना हमारे बारे में कुछ भी नहीं' का नारा सार्वजनिक स्वास्थ्य के किसी भी क्षेत्र की तरह THR के लिए भी बहुत प्रासंगिक है।

सुझाव

1. तम्बाकू नियंत्रण का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए वर्तमान में धूम्रपान करने वालों को इसे छोड़ने की उपयुक्त रणनीतियाँ देना। धूम्रपान से होने वाले वर्तमान अनुमानित नुक्सान से केवल तभी बचा जा सकता है जब धूम्रपान के आदी लोगों को तेजी से इसे छोड़कर दूसरे विकल्पों की ओर ले जाया जाए।
2. एफसीटीसी के सदस्य पक्षों को मांग और आपूर्ति कटौती के साथ तंबाकू से नुक्सान में कमी को भी ऐसे ही परिभाषित करना चाहिए। इसे सार्वभौमिक रूप से किसी भी व्यक्ति, समूह, या समुदाय को बाहर रखे बिना लागू किया जाना चाहिए।
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन को एफसीटीसी हस्ताक्षरकताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे तंबाकू जलाने वाले उत्पादों से लोगों को दूर करने में एसएनपी के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाएँ। एफसीटीसी के अनुच्छेद 5.3 की वर्तमान व्याख्या एसएनपी की खूबियों पर खुली बहस को दबा रही है। एक ऐसे नए और समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो विचारधारा की जगह वैज्ञानिक सिद्धांतों के आधार पर नई तकनीकों और उत्पादों के गुणों का मूल्यांकन करे और इससे प्रभावित होने वाले किसी भी व्यक्ति को चर्चा से बाहर न रखे।
4. लिंग, नस्ल, सामाजिक या आर्थिक परिस्थितियों से निरपेक्ष सभी संभावित लाभार्थियों के लिए एसएनपी तक पहुँच एक अधिकार होना चाहिए।
5. अंतरराष्ट्रीय योजना और नीति के केंद्र में उपभोक्ता का हित होना चाहिए।
6. एनजीओ की फ्रेमवर्क कन्वेंशन एलायंस को कई THR- केंद्रित एनजीओ और उपभोक्ता वकालत संगठनों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए।
7. एसएनपी बनाने वाली कंपनियों को दुनिया भर में धूम्रपान करने वालों की बड़ी से बड़ी संख्या तक उचित और किफायती उत्पादों के साथ पहुंचने का प्रयास करना चाहिए।
8. सरकार की भूमिका एसएनपी का उपयोग करने की इच्छा रखने वालों के रास्ते में बाधाएं डालने के बजाय, धूम्रपान छोड़कर दूसरे विकल्प अपनाने की होनी चाहिए।
9. ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए जिसके परिणामस्वरूप एसएनपी पर धूम्रपान का पलड़ा भारी हो, जैसे एसएनपी को सिगरेट की तुलना में प्राप्त करना कठिन बनाना या प्रतिकूल मूल्य निर्धारण।
10. एसएनपी पर नीति बनाने वाले सभी लोगों को बहुपक्षीय और परोपकारी संगठनों की रेडीमेड सिफारिशों की जगह अभी उपलब्ध साक्ष्यों पर ध्यान देना चाहिए।
11. सरकारों को अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय निकायों के माध्यम से उपलब्ध सुरक्षा मानकों के आधार पर एसएनपी के संबंध में उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।
12. धूम्रपान करने वालों को एसएनपी अपनाने के संभावित लाभों के बारे में साक्ष्य-आधारित जानकारी का अधिकार है।
13. एसएनपी को उपभोक्ता उत्पादों के रूप में नियंत्रित और विनियमित किया जाना चाहिए और उपभोक्ताओं को उनके द्वारा उपयोग किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता का भरोसा देने की आवश्यकता है।
14. एसएनपी में फ़्लेवरों का विकल्प धूम्रपान से दूर रहने के फैसले और वापस शुरू करने से बचने के का एक महत्वपूर्ण पहलू है। फ्लेवरों पर प्रतिबंध के सार्वजनिक स्वास्थ्य पर बुरे परिणाम हो सकते हैं।
15. वेपिंग करने वालों के आस-पास के लोगों पर ,निष्क्रिय वेपिंग' के कोई जोखिम नहीं पहचाने गए हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं को अपनी जानकारी से यह स्पष्ट करना चाहिए कि वेपिंग धूम्रपान नहीं है और विशेष स्थानों पर वेपिंग को नियंत्रित करने के निर्णय को सरकारी निकायों द्वारा पूरी तरह निषेध कर देने के बजाय, निजी संगठनों और व्यवसायों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

इस रिपोर्ट के पिछले संस्करण के बाद के दो साल THR के लिए बहुत कठिन रहे हैं।

दुनिया भर में धूम्रपान करने वाले अनुमानित 110 करोड़ लोग बेहतर विकल्पों के हकदार हैं। हमें तंबाकू जलाने वाले उत्पादों को खत्म करने का काम तेजी से करना है और इनकी जगह निकोटीन लेने के सुरक्षित गैर-दहनशील तरीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। कई देशों के साक्ष्य से पता चलता है कि एसएनपी की उपलब्धता लोगों को धूम्रपान छोड़ने में मदद करती है।

विश्व स्तर पर प्रगति धीमी है और एसएनपी का उपयोग करने वाले अभी भी धूम्रपान करने वालों की तुलना में बहुत कम हैं। वेपिंग उत्पादों के बाजार में आए बस करीब 12 साल हुए हैं और तंबाकू गर्म करने वाले उत्पाद तो इससे भी कम समय से मार्केट में हैं, हालांकि स्नस का उपयोग सदियों से होता आया है। ऐतिहासिक रूप से, निकोटीन की खपत के बदलाव में कुछ दशक लग जाते हैं। पिछली बार हलचल लाने वाली नई खोज 1880 के दशक में तम्बाकू रोलिंग मशीन का आविष्कार थी लेकिन मशीन से रोल की जाने वाली सिगरेट को अमीर देशों में तम्बाकू के उपयोग के अधिकांश अन्य रूपों को बाहर करने में लगभग 60 साल लग गए।

हालांकि, हम 60 साल इंतजार नहीं कर सकते। हम जानते हैं कि एसएनपी तम्बाकू को जलाने से निकोटीन मिलने वाले उत्पादों से कहीं ज्यादा ज्यादा सुरक्षित है। हम जानते हैं कि लोग इन उत्पादों का उपयोग करना चाहते हैं। हमारे पास कई देशों के साक्ष्य हैं कि THR असर करता है।

इसमें बाधा हैं ऐसी अमीर संस्थाएँ जो तंबाकू नियंत्रण की ओर एक संकरा दृष्टिकोण लेकर बैठी हैं और ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन जो क्या किया जा सकता है इस पर अपनी संकीर्ण सोच से बंधे हैं। इस क्षेत्र में बहुत अधिक डर, घृणा और निहित स्वार्थ हैं। ये संगठन तेजी से खुद को इतिहास के गलत पक्ष में ले जा रहे हैं। क्या किया जा सकता है इससे महत्वाकांक्षा को बहुत बढ़ाने और करुणा की एक स्वस्थ खुराक की आवश्यकता है।

1980 के दशक के दौरान, सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों ने अपना दायरा संक्रामक रोगों के नियंत्रण से आगे बढ़ाकर स्वास्थ्य बेहतर करने के जरिए रोकथाम तक कर दिया था। नवंबर 1986 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कनाडा के ओट्टावा में आयोजित स्वास्थ्य बेहतर करने पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इससे ओट्टावा चार्टर नामक पाँच पेज का एक दस्तावेज सामने आया, जिसमें स्वास्थ्य बेहतर करने को परिभाषित किया गया।

> *"यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें लोगों को अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण बढ़ाने और उसमें सुधार करने के लिए सक्षम बनाया जाता है"।*

इसने इस बार पर भी प्रकाश डाला कि,

> *"स्वास्थ्य बेहतर करने का मुख्य उद्देश्य है स्वास्थ्य में समानता हासिल करना। स्वास्थ्य बेहतर करने की कार्रवाई का लक्ष्य वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति में अंतर को कम करना और समान अवसर और संसाधन सुनिश्चित करना है ... लोग अपनी पूर्ण स्वास्थ्य क्षमता तब तक प्राप्त नहीं कर सकते जब तक वे उन चीजों पर नियंत्रण करने में सक्षम न हों जिनपर उनका स्वास्थ्य निर्भर करता है।"*

सम्मेलन में भाग लेने वालों द्वारा लिए गए प्रणः

- "हानिकारक उत्पादों की ओर दबावों का विरोध करना"।
- "समाजों के भीतर और उनके बीच स्वास्थ्य में अंतर को कम करने के लिए काम करना और इन समाजों के नियमों और प्रथाओं से उपजी स्वास्थ्य असमानताओं से निपटना"।
- "लोगों को स्वास्थ्य के मुख्य संसाधन के रूप में स्वीकार करना, उन्हें और उनके परिवारों और मित्रों को स्वस्थ बनाए रखने में सक्षम बनाने में उनकी मदद करना"।

तंबाकू से होने वाले नुक्सान में कमी अच्छे सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य के लिए बेहतर है और उन्हीं लोगों से शुरू होती है जो महत्व रखते हैंः मतलब, धूम्रपान करने वाले और वे लोग जिन्होंने इसके विकल्प चुने हैं। यह परिवर्तन सामुदायिक स्तर से शुरू होकर ऊपर की ओर जाता है - क्योंकि नुकसान में कमी लोग लाते हैं, विशेषज्ञ नहीं।

रिपोर्ट के बारे में

यह तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी की वैश्विक स्थिति रिपोर्ट का दूसरा संस्करण है जो पहली बार 2018 में प्रकाशित हुई थी। यह रिपोर्ट हार्म रिडक्शन इंटरनेशनल (HRI) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल स्टेट ऑफ हार्म रिडक्शन से प्रेरणा लेती है। HRI रिपोर्ट दो साल में एक बार प्रकाशित होती है और नुक्सान में कमी लाने के प्रयासों की शुरूआत की प्रगति पर नजर रखती है। इसके ऐसे ही कुछ प्रयास हैं ओपिओइड की जगह दूसरी चीजें लाने की चिकित्सा, सुई साझा करने और ओवरडोज की रोकथाम की सुविधाएँ जिन्हें ड्रग लेने के कमरे भी कहते हैं।

इसी तारतम्य में यह रिपोर्ट एसएनपी की उपलब्धता और उपयोग के वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय परिवर्तन में प्रगति (या अन्यथा), सुरक्षित निकोटीन उत्पादों और स्वास्थ्य पर नवीनतम सबूतों के साथ बदलती नियामक प्रतिक्रिया को चित्रित करती है। हम उन लोगों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं जिन्हें रिपोर्ट 'बाहर छूट गए' समूह और समुदाय कहती है और जो कई तरह की आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं से निपटने के लिए बाकी समाज की तुलना में बहुत अधिक स्तर पर धूम्रपान करते हैं। हमारी पिछली रिपोर्ट के बाद से THR के प्रति माहौल और भी खराब हो गया है और हमने इस बार अपना ध्यान एसएनपी की ओर तेजी से प्रतिबंधात्मक होते नजरिए को लाने वाले अच्छी तरह से आयोजित और अच्छी तरह से वित्त पोषित वैश्विक अभियानों की कार्यप्रणालियों पर केन्द्रित किया है।

रिपोर्ट में दी गई जानकारी नीति निमार्ताओं, नीति विश्लेषकों, उपभोक्ताओं, विधायकों, नागरिक समाज और बहु-पक्षीय संगठनों, मीडिया, सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यकताओं, शिक्षाविदों और चिकित्सकों के साथ-साथ निमार्ताओं और वितरकों के लिए उपयोगी होगी।

पाठकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि इस बार छोड़ दी गई पृष्ठभूमि की कुछ जानकारी के लिए पिछली रिपोर्ट का संदर्भ लें। आप यहाँ जा सकते हैं: www.gsthr.org/report/full-report-online

शब्दावली

तंबाकू से होने वाले नुक्सान को कम करने (THR) के लिए कई उत्पाद हैं जिनमें वैकल्पिक निकोटीन उत्पाद, नए या अनोखे निकोटीन उत्पाद, संशोधित या कम जोखिम वाले उत्पाद, कम हानिकारक या कम जोखिम वाले उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम (ईएनडीएस) शामिल हैं।

यह रिपोर्ट **सुरक्षित निकोटीन उत्पादों या सेफर निकोटीन प्रोडक्ट्स** (एसएनपी) शब्द का उपयोग वेपिंग, तम्बाकू गर्म किए जाने वाले उपकरणों और स्वीडिश स्टाइल की स्नस और धूम्रपान रहित तंबाकू के कुछ अन्य सुरक्षित रूपों के लिए एक सामूहिक अभिव्यक्ति के रूप में करती है। हम इसे इस आधार पर सही ठहराते हैं कि सबूत यह दशार्ते हैं कि ये उत्पाद तंबाकू जलाने वाले उत्पादों की तुलना में बेहद कम जोखिम वाले हैं।

शब्दों के अर्थ के बाद आता है तकनीकी सटीकता का मुद्दा। पिछली रिपोर्ट के विपरीत, हम इस बार दूसरे स्रोतों को उद्धृत करने के अलावा कहीं भी 'ई-सिगरेट' शब्द का उपयोग नहीं कर रहे हैं और इसकी जगह **वेपिंग उपकरणों या उत्पादों** शब्द का उपयोग कर रहे हैं। 'ई-सिगरेट' आम तौर पर इस्तेमाल होने वाला शब्द है और आसनी से समझ में आ जाता है पर इससे बड़ी आसानी से सिगरेट पीने के विचार का भ्रम भी पैदा होता है; कई भ्रामक सार्वजनिक स्वास्थ्य सूचनाएँ 'ई-सिगरेट से धूम्रपान' के खतरों का उल्लेख करती हैं। वेपिंग उपकरणों में सबसे महत्वपूर्ण नई खोज यह है कि इनसे खतरनाक जहरीले धुएँ का उत्सर्जन नहीं होता और इनकी वाष्प कहीं ज्यादा सुरक्षित होती है।

इसी सिद्धांत का पालन करते हुए, हमने आम तौर पर समझ आ जाने वाले ई-सिगरेट या वेपिंग से फेफड़े को नुक्सान, अँग्रेजी में ई सिगरेट या वेपिंग लंग इंजरी (EVALI), की जगह **विटामिन ई से संबंधित फेफड़ों को नुक्सान, अँग्रेजी में विटामिन ई-रिलेटेड लंग इंजरी** (VITERLI) शब्द के उपयोग का फैसला लिया किया है क्योंकि पहला शब्द गलत तरीके से लिक्विड निकोटीन को फेंफड़ों को हुए नुक्सान के प्रकोप से जोड़ता है। रिपोर्ट में अब तंबाकू गर्म किए जाने वाले उपकरणों या उत्पादों को हीट-नॉट-बर्न उपकरणों या उत्पादों की जगह हीटेड टोबेको डिवाइसेस या प्रोडक्ट्स (HTP) कहा गया है।

डेटा की सीमाएँ

इस रिपोर्ट के सभी खंडों में अप-टू-डेट और सुसंगत डेटा प्रस्तुत करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं। हालांकि कई जगह कमियाँ और चेतावनियाँ हैं जिन्हें उजागर किया जाना चाहिए:

- एसएनपी के उपयोग के प्रचलन के बारे में जानकारी की कमी है और जिन देशों में सर्वे किए गए थे वहाँ 2018 के बाद से ज्यादा जानकारी अपडेट नहीं हुई है।
- कई देशों में धूम्रपान के प्रचलन और स्वास्थ्य परिणामों की पर्याप्त जानकारी नहीं है।
- उपभोक्ता, बाजार और उत्पाद का अधिकतर डेटा सार्वजनिक क्षेत्र में दिखाई नहीं देता है- यह कंपनियों द्वारा इसलिए रिलीज नहीं किया जाता क्योंकि यह व्यावसायिक रूप से संवेदनशील होता है और कई बार मार्केट विश्लेषण करने वाली कंपनियों से ऊँची कीमत पर ही उपलब्ध होता है।

GSTHR वेबसाइट

2018 में जब पहली जीएसटीएचआर प्रकाशित हुई थी तभी हमने तम्बाकू नुकसान में कमी का वैश्विक अवलोकन दिखाने के लिए समर्पित दुनिया की पहली वेबसाइट भी शुरू की थी क्योंकि यह ज्यादा सुरक्षित निकोटीन उत्पादों के उपयोग से संबंधित है। तब से www.gsthr.org में अपने मूल फीचरों के साथ कई नए विकल्प देकर और सुधार किया गया है।

वेबसाइट पर बताई पूरी जानकारी और डेटा तक कंप्यूटर और मोबाइल उपकरणों से सुलभता से पहुँचने के लिए कॉनफि गर किया गया है।

अपग्रेड की गई वेबसाइट की एक प्रमुख विशेषता 200+ देशों की प्रोफाइलें है जो एसएनपी डेटा पर प्रकाश डालने के साथ-साथ धूम्रपान के प्रचलन और मृत्यु दर पर डेटा देती हैं, उदाहरण के लिए किसी देश में एसएनपी से संबंधित सभी विनियम और नियंत्रण। इसके अलावा, उपयोगकर्ता विभिन्न देशों के डेटा को ऑन-स्क्रीन लाकर तुलना कर सकते हैं - और दूसरी वेबसाइटों के विपरीत, जो धूम्रपान पर ऐसा डेटा देती हैं जो दो साल या उससे ज्यादा पुराना हो सकता है, जीएसटीएचआर टीम लगातार वैश्विक डेटा की निगरानी करती है और वास्तविक समय में साइट को अपडेट करती है और इसमें समय के साथ डेटा की तुलना भी की जा सकती है। हर प्रोफाइल में उस देश में THR से संबन्धित वर्तमान खबरें भी होती हैं।

साइट को इस तरह से कॉनफि गर किया गया है कि उपयोगकर्ता डेटा से मैप और चार्ट बना सकें और सभी चित्र सामग्री (फोटो छोड़कर) निशुल्क डाऊनलोड की जा सकती है, उदाहरण के लिए सम्मेलनों और सेमिनार प्रेजेंटेशन के और रिसर्च तथा नीति दस्तावेजों में उपयोग के लिए।

पाठकों को वेबसाइट पर साइन-अप करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें नवीनतम घटनाक्रम की सूचनाएं मिलती रहें।

इस रिपोर्ट की सामग्री का उपयोग और उद्धरण

ज्वलंत मुद्देः तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी की वैश्विक स्थिति 2020 का कॉपीराइट Knowledge-Action-Change का है, जिसमें ऐसे ग्राफ और टेक्स्ट शामिल नहीं हैं जिनमें दूसरे स्रोत उद्धृत किए गए हैं। रिपोर्ट और वेबसाइट के पाठक निष्पक्ष उपयोग के अधीन सामग्री को पुनः प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र हैं और इसके लिए कॉपीराइट धारक की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है पर उपयोग का आभार इस साइटेशन के माध्यम से दशार्ना होगाः ज्वलंत मुद्देः तंबाकू से होने वाले नुक्सान में कमी की वैश्विक स्थिति 2020. लंदनः Knowledge-Action-Change

GSTHR.ORG